









# रीवा के घोघर कब्रिस्तान में जमीन विवाद को लेकर मारपीट, पत्थरबाजी भी हुई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 मार्च, शहर के घोघर कब्रिस्तान में उस वक्त विवाद की स्थिति निर्मित हो गई जब कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जे का विरोध करने पर पहुंचे कमेटी के लोगों पर कब्जेधारियों ने जमकर पत्थर बरसाना शुरु कर दिया.**

कब्रिस्तान में हुई पत्थरबाजी का वीडियो भी सामने आया है जिसमें कब्रिस्तान के बीच स्थित बस्ती के लोग पत्थर बरसाते नजर आ रहे है. फिलहाल पत्थरबाजी में कमेटी के आधा दर्जन लोगों को चोटे आई है जिन्होंने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है. दरअसल यह पूरा मामला वक्फ बोर्ड में दर्ज कब्रिस्तान की जमीन का है जिस पर कई वर्षों से मुस्लिम समाज का ही एक तबका कब्रिस्तान में निवासरत है. बताया गया कि कब्रिस्तान मे कमेटी व स्थानीय युवाओं के द्वारा सौदर्यीकरण सहित सडक व बाउडी का निर्माण कराया जा रहा है, इस बीच वहां पूर्व से कबिज लोगों ने कब्रिस्तान की ही जमीन पर पत्थर गाडकर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया. दोपहर जब कमेटी के लोगों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया तो विवाद की स्थिति निर्मित हो गई और बस्ती के लोगों ने हमला करते हुये जमकर पत्थरबाजी की. फिलहाल घटना से आक्रोशित होकर लोग सिटी कोतवाली थाना पहुंचे. आरोप है कि कब्रिस्तान में अनाधिक्रत रूप से बस्ती बनाकर रहने वाले लोगों के द्वारा आपराधिक क्रत्य भी किये जाते है जिसकी शिकायत भी पूर्व में कई बार की जा चुकी है. फिलहाल पत्थरबाजी में घायल लोगों सहित कमेटी के लोगो ने थाने में शिकायत कर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है.

# अमहिया मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर जल्द चलेगा बुलडोजर

## निगम आयुक्त व एसडीएम ने किया पैदल निरीक्षण, 200 दुकाने एवं मकान होंगे प्रभावित, पूर्व में दी गई थी नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 मार्च, अमहिया मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर जल्द ही बुलडोजर चलेगा. जिसकी तैयारी लगभग प्रशासन ने पूरी कर ली है. इससे प्रभावित होने वाली लगभग 200 दुकानों एवं मकान को नोटिस भी दी जा चुकी है.**

अमहिया मार्ग के प्रस्तावित चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत प्रभावित क्षेत्र का सोमवर को निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे एवं एसडीएम अनुराग तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से स्थल निरीक्षण किया गया. अधिकारियों ने पूरे मार्ग का पैदल भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया. गौरतलब है कि मार्ग चौड़ीकरण कार्य से लगभग 200 दुकानें एवं मकान प्रभावित होंगे. निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने मौके पर उपस्थित नागरिकों एवं व्यापारियों से संवाद कर उन्हें प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा सहयोग की अपील की. इस दौरान कई नागरिकों एवं व्यापारियों ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए अपनी सहमति से स्वयं अतिक्रमण हटाने की बात कही. उन्होंने यह भी कहा कि सड़क चैड़ी होने से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और सभी को इसका लाभ मिलेगा. निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि शहर के यातायात को सुगम बनाने एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह चौड़ीकरण कार्य अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण की जाए. साथ ही प्रभावित नागरिकों से अपील की गई कि वे प्रशासन का सहयोग करें, जिससे कार्य समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके. गौरतलब है कि पहले से ही मकानो और दुकानो को नोटिस जारी किया जा चुका है. सड़क की जितनी चौड़ाई बढ़ानी है वहा निशान भी लगाया जा चुका है अब जल्द ही प्रशासन इस पर कार्यवाही शुरू कर सकता है और बुलडोजर चल सकता है. हालाकि इसको लेकर कुछ दुकानो और मकान वालों का कहना है कि कार्यवाही जबरन की जा रही है सड़क पर्याप्त चौड़ी है तो वही कुछ ने कार्यवाही पर सहमति जताते हुए कहा है कि इससे यातायात सुगम और जाम से छुटकारा भी मिल जाएगा.





# बुकिंग के बाद भी ग्राहकों को नहीं मिलता गैस सिलेंडर

▸ , मिलता है सिर्फ डिलेवरी मैसेज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 मार्च, रसोई गैस की किल्लत के बीच रीवा में संचालित गैंस एजेंसी नें लूट मचाकर रख दी है.**

यहां ग्राहकों द्वारा गैंस की बुकिंग के बाद बिना सिलेण्डर मिले ही उनके मोबाइल में डिलेवरी का मैसेज भेज दिया जा रहा है और सिलेण्डर मांगने पर उन्हे 45 दिन बाद बुलाया जा रहा है. ग्राहकों के साथ इस तरह से ना सिर्फ धोखाधडी की जा रही है बल्कि गैस सिलेण्डर की खुलेआम कालाबाजारी भी की जा रही है. दरअसल यह आरोप शहर के पुराने बस स्टैंड के समीप संचालित पॉपुलर गैंस एजेंसी के ग्राहकों ने लगाया है. ग्राहको का कहना है कि गैस सिलेण्डर के लिये आनलाइन बुकिंग कराए जाने के बाद उनके मोबाइल पर डिलेवरी का मैसेज तो आया लेकिन उन्हें सिलेण्डर के नाम पर खाते में सिर्फ 5 रूपए की सब्सिडी मिली. फिलहाल ग्राहकों के इन आरोपों के बाद यह तो साफ जाहिर है कि जो रजिस्टर्ड ग्राहक है उनके सिलेण्डर ब्लैक में बेंचे जा रहे है. उक्त एजेंसी पर इस तरह की गडबडियों का ना सिर्फ ग्राहक आरोप लगा रहे है बल्कि ग्राहक एजेंसी के खिलाफ़ आक्रोश भी जाहिर कर रहे है. फिलहाल गैंस एजेंसी के ग्राहकों का आरोप है कि प्रशासन की चुप्पी से जाहिर होता है कि प्रशासन भी जनता की परेशानियों पूरी तरह से नजरअंदाज कर रहा है.

# चना, मसूर और सरसों की खरीदी के लिए केन्द्र निर्धारित

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 30 मार्च, मऊगंज जिले में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना, मसूर और सरसों की खरीदी 30 मार्च से 28 मई तक होगी.**

कलेक्टर संजय कुमार जैन ने जिले में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत पात्र सत्यापित किसानों से चना, मसूर और सरसों की खरीदी के लिए केन्द्र निर्धारित कर दिया है. कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार तहसील मऊगंज में विपणन सहकारी समिति मऊगंज में इन फसलों की खरीदी की जाएगी. इसी प्रकार हनुमना तहसील में सेवा सहकारी समिति पांती और नईगढ़ी तहसील में सेवा सहकारी समिति बहुती में चना, मसूर और सरसों की खरीदी की जाएगी. उपार्जन कार्य सप्ताह में पाँच दिवस सोमवार से शुक्रवार सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक किया जाएगा.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती का लिया जायजा

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने हरिहरपुर स्थित अपने खेत में प्राकृतिक खेती द्वारा उगाये जा रहे साग-सब्जी तथा गेहूं की फसल का अवलोकन किया. उप मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान जैविक इनपुट, मिट्टी की उर्वरता, जल संरक्षण एवं रासायनिक मुक्त खेती की प्रक्रियाओं का जायजा लिया.

### उप मुख्यमंत्री ने महामृत्युंजय मंदिर में की पूजा

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा शहर में किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर पहुंचकर भगवान शंकर के दर्शन किये और पूजा-अर्चना कर प्रदेश वासियों के कल्याण की कामना की.

### साधारण सम्मिलन आज

**रीवा,** नगर पालिक निगम, रीवा का 17वॉ साधारण सम्मिलन स्थगन पश्चात 31 मार्च को समय पूर्वान्ह 11:00 बजे नगर निगम स्पीकर व्यंकटेश पाण्डेय की अध्यक्षता में नगर पालिक निगम रीवा स्थित परिषद सभाकक्ष में आयोजित किया गया है. साधारण सम्मिलन में बजट बैठक आयोजित की जावेगी.

### छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि आज

**रीवा,** पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपी टास पोर्टल में आवेदन पत्र 31 मार्च तक जमा किये जा सकते हैं. सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक कल्याण ने जिले के शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अपेक्षा की है कि निर्धारित समयावधि में पात्र विद्यार्थियों के आवेदन प्रस्तुत किये जांय ताकि उनका परीक्षण कर पोर्टल पर अगले चरण हेतु अग्रेषित किया जा सके.

### अग्निवीर सैनिक भर्ती के लिए पंजीयन एक अप्रैल तक

**रीवा,** भारतीय सेना में अग्निवीर सैनिक के रूप में भर्ती के लिए पात्र युवा एक अप्रैल तक अपना पंजीयन ऑनलाइन करा सकते हैं. इस संबंध में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल पी. गंगा ने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए नोटिफिकेशन सेना की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी में जारी कर दिया गया है. सेना में जान के इच्छुक पात्र युवा इस वेबसाइट में अपना पंजीयन करा सकते हैं. पंजीयन कराने के बाद अग्निवीर सैनिक भर्ती रैली में शामिल होकर अग्निवीर सैनिक बनने का अवसर मिलेगा. इस संबंध में अन्य जानकारियाँ सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर के फोन नम्बर 7247028996 पर संपर्क करके प्राप्त की जा सकती है.

### सरस्वती ज्ञान मंदिर भाठी का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**मऊगंज,** सरस्वती ज्ञान मंदिर उ0मा0वि0 भाठी मऊगंज का 5वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत उत्कष्ट रहा. जिसमें कक्षा 8वीं में कुल 28 छात्र थे जिसमें सभी छात्र छात्रायें प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये. कक्षा 8वीं में अधिकतम अंक सरिता जायसवाल 548, नम्रता सोनी 541, सुखसार खान 534, आदर्श विश्वकर्मा 527, करिश्मा सिद्दीकी तथा सौरभ सोधिया 523 तथा जीतेन्द्र कोल 521, अंक प्राप्त किये वहीं कक्षा 5वीं में कुल 41 छात्र में से 40 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुये जिसमें सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये. अधिकतम अंक अजीत पटेल 352, शिवांगी पटेल 351, नैनसी सिंह चैहान 350, अंशिका जायसवाल 340 और ओम कुशवाहा, विवेक पटेल 345, अमन वर्मा 339, प्रकाश कुशवाहा 338, शौर्य वंशल 338, श्रीतिका प्रजापति 336, धनेश्वरी सोनी 336, मानव सेन 330, सुभान खान 330 अंक प्राप्त किये.

# लोक अदालत के विशेष छूट का आज अंतिम मौका

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 मार्च, नगर निगम द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम कार्यालय एवं सभी जोन कार्यालयों में 31 मार्च को लोक अदालत अंतर्गत विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है, ताकि नागरिक अपने बकाया करों का भुगतान कर अपना समय और पैसा दोनों बचा सकें.**

नगर निगम कार्यालय में अलग-अलग काउंटर एवं हेल्पडेस्क बनाए गए हैं. मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभारों पर दी जा रही छूट 31 मार्च तक ही लागू है. स्व-आवासीय भवनों पर 50 प्रतिशत संपत्तिकर छूट का लाभ भी केवल 31 मार्च तक ही मिलेगा. 1 अप्रैल से संपत्ति कर दो गुना होगा एवं सभी बकाया करों पर 12 प्रतिशत अधिभार भी लागू होगा. तालाबंदी व कुर्की की सख्त कार्रवाई होगी.

# केन्द्र की मोदी सरकार ने देश के आमजन को परेशानी में डाल दिया है : शर्मा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 मार्च, कांग्रेस कमेटी ने गैस सिलेण्डर की मूल्य वृद्धि, अनुपलब्धता, बिजली दरो की अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी के विरोध मे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में सिरमौर चौराहा में धरना प्रदर्शन किया गया.**

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी, ईधन की बेतहाशा मूल्य वृद्धि से लोगो का ध्यान भटकाने के लिए केन्द्र की मोदी सरकार ने गैस एवं पेट्रोल डीजल की कमी का हौआ खड़ा करके देश की आमजन को परेशानी मे डाल दिया है. जबकि अभी देश मे डीजल पेट्रोल की न कमी है और ना ही संकट. कार्यक्रम के उपरांत राज्यपाल को संबोधित 05 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप मे तहसीलदार हुजूर को सौंपा गया. धरना प्रदर्शन का संचालन एवं आभार प्रदर्शन जिला संगठन महासचिव एड. रवि तिवारी ने किया.

कार्यक्रम में विधायक अभय मिश्रा, महापौर अजय मिश्रा बाबा, विद्यावती पटेल, शहर अध्यक्ष अशोक पटेल, सज्जन पटेल, बबिता साकेत, गोविन्ददास तिवारी, लखनलाल खण्डेलवाल, सत्यनारायण तिवारी, शत्रुधन सिंह सलैया, जी पी त्रिपाठी आदि मौजूद रहे.



# ट्रक ने युवक को कुचला, मौके पर हुई मौत

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 मार्च, मऊगंज जिले के हनुमना में तेज रफ्तार ट्रक ने 24 वर्षीय युवक को कुचल दिया. मौके पर ही दर्दनाक मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया.**

मऊगंज जिले के हनुमना नगर स्थित सीधी रोड पर रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी. ओवरलोड गिट्टी से भरे ट्रक ने बाइक सवार 24 वर्षीय जितेंद्र कुमार साकेत, निवासी ग्राम अर्जुनपुर को अपनी चपेट में ले लिया. हादसा इतना भीषण था कि युवक का शरीर सीने से सिर तक बुरी तरह कुचल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई. बताया गया कि जितेंद्र अपने एक 12 वर्षीय रिश्तेदार बालक के साथ मिसिरगवां से लौट रहा था. हादसे में बालक बाल-बाल बच गया. घटना की खबर फैलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया. गुस्साए ग्रामीणों और महिलाओं ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया. लोगों ने आरोप लगाया कि इस मार्ग पर ओवरलोड और तेज रफ्तार वाहनों की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा. सूचना पर एसडीओपी सचि पाठक और थाना प्रभारी अनिल काकड़े मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने काफी मशक्कत के बाद परिजनों को समझाइश दी, जिसके बाद जाम खुल सका. पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना ने भी मौके पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया. पुलिस ने शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हनुमना की मर्चुरी में रखवाया है, जहा सोमवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. लोगो का आरोप है कि कार्यवाही नही होने के चलते क्षेत्र में ओवर लोड़ वाहन तेज रफ्तार से दौड़ते है जिससे हादसे होते है.

# खेत में कटाई कर रहे किसान पर मधुमक्खियों ने किया हमला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 मार्च, मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र में खेत में काम कर रहे एक वृद्ध किसान पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया. जान बचाने के लिए किसान को नदी में कूदना पड़ा. गंभीर हालत में उन्हें सीएससी नईगढ़ी में भर्ती कराया गया है.**

मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मौलिया गांव में सोमवार सुबह करीब 9:30 बजे एक बड़ा हादसा हो गया. खेत में सरसों और गेहूं की कटाई कर रहे 60 वर्षीय किसान बाल्मीकि गोस्वामी पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया. खेत के पास स्थित आम के पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता था, जहां से अचानक झुंड निकलकर किसान पर टूट पड़ा. जान बचाने के लिए पास की नदी में छलांग लगा दी. किसी तरह उन्होंने खुद को बचाया. इलाज अस्पताल में जारी है.

# ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के करें प्रयास : संजय

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 30 मार्च, कलेक्टर कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर संजय कुमार जैन ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए. कलेक्टर ने कहा कि जिले में विभिन्न स्थानों पर ब्लैक स्पॉट हैं.**

पुलिस, राजस्व, एमपीआरडीसी के अधिकारी और सड़क निर्माण एजेंसी संयुक्त रूप से इनका चिन्हांकन कर इसमें सुधार कार्य कराएं और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास करें. दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के उपचार की त्वरित एवं नि:शुल्क व्यवस्था कराएं. सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के उपचार के लिए प्रधानमंत्री राहत के तहत कैशलेस उपचार योजना संचालित है. इस योजना से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को डेल लाख रुपए तक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाता है. कैशलेस उपचार योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं. यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराएं जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए.कलेक्टर ने कहा कि तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करें. इन पर चालानी और लायसेंस निलंबन की कार्रवाई करें. वाहन चालकों के पुलिस वेरिफिकेशन भी कराएं. दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने के लिए समझाइश दें. वाहन चालकों द्वारा इसक उल्लंघन किए जाने पर कार्रवाई करें. बैठक में कलेक्टर ने स्कूली वाहनों की नियमित निगरानी करने, निर्माण कार्यों के दौरान खोदी गई सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने तथा सड़कों में पड़े पुराने वाहनों को हटाए जाने के निर्देश दिए. बैठक में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह सहित अधिकारी मौजूद थे.

# पार्टी की विचारधारा और योजनाओं को लेकर किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**रीवा,30 मार्च, भारतीय जनता पार्टी जिला रीवा द्वारा दो दिवसीय 'पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान-2026' का आयोजन रामपुर सर्किल के मनगवां विधानसभा क्षेत्र में किया गया. यह कार्यक्रम 30 और 31 मार्च को निखिल मैरिज गार्डन गढ बायपास' में संपन्न हुआ.**

प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, इतिहास और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में शिक्षित और जागरूक करना था. मनगवां विधायक इंजी. नरेंद्र प्रजापति ने प्रदेश सरकार की योजनाओं' और भाजपा के वरिष्ठ नेता अधिवक्ता रावेन्द्र मिश्रा ने केन्द्र सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी. श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी ने 'वैचारिक अधिष्ठान एवं वैचारिक आधार' पर और डॉ. अजय सिंह ने 'कार्यपद्धति' पर मार्गदर्शन दिया. अनिल पटेल ने 'सोशल मीडिया, एआई, नमो ऐप और सरल ऐप' के महत्व को समझाया. शरद साहू ने 'बूथ प्रबंधन एवं मन की बात' सत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया. कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अंशु सिंह ने किया.



# श्रमदान कर की गई तालाब की सफाई

**मऊगंज, 30 मार्च**, जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत मऊगंज के जल स्वावलंबी ग्राम पंचायत के तहत चुनी गयी ग्राम पंचायत सीतापुर के बड़ा तालाब में श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी. बड़ी संख्या में ग्रामीणवासियों ने श्रमदान किया. सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक भी श्रमदान कार्यक्रम में शामिल रहे.

# न्यायालय के आदेश के बाद भी विवाद भूमि पर निर्माण कार्य जारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 मार्च, न्यायालय से निषेधाज्ञा पारित होने के बाद भी विवादित भूमि पर निर्माण कार्य जारी है.**

इसकी सूचना पुलिस को देने के बाद भी कार्यवाही न होने से निर्माण कार्य लगातार किया जा रहा है और विवाद की स्थित निर्मित हो रही है. मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के सोनारी मार्केट गुड़हाई बाजार का है. आशीष कुमार सोनी पिता कन्हैयालाल सोनी ने बताया कि विवादित भूमि प्लाट क्रमांक 1810 रकवा 0.03 एकड़ के अंश रकवा 344.5 वर्गफिट पर निर्मित मकान जिसका वर्तमान नंबर 32/32 है के पूर्व दिशा एवं मकान नंबर 32/35 के पश्चिम दिशा की ओर स्थित भूमि पर किसी भी प्रकार के नवीन निर्माण नही कराये जाने की विषेधाज्ञा रीवा न्यायालय द्वारा पारित है. लेकिन इसके बाद भी निर्माण कार्य लगातार किया जा रहा है. न्यायालय के बाद भी रातों रात छत डालकर काम कराया गया. इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई लेकिन पुलिस के पहुंचने तक काम पूरा हो गया. न्यायालय का आदेश न मामने से विवाद की स्थित भी बन रही है.